पुल का काम तेज करने के निर्देश

महाप्रबंधक रेलवे ने देखा निर्माणाधीन कछला ब्रिज

अमर उजाला नेटवर्क

स्पेशल ट्रेन से बरेली-कासगंज लाइन का किया निरीक्षण

उझानी। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक केके अटल की स्पेशल ट्रेन शुक्रवार को बरेली-कासगंज के बीच ब्राडगेज लाइन के कार्य की प्रगति जानने के लिए दौड़ी। कछला में उन्होंने निर्माणाधीन पुल की स्थिति पर गौर किया। साथ काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।

कछला में निर्माणाधीन रेल पुल देखने के लिए स्पेशल ट्रेन स्टेशन पर रुकी। वह पैदल ही चलकर निर्माण कार्य स्थल तक गए। उन्होंने निर्माण कार्य से जुड़े लोगों और कार्यदायी संस्था के ठेकेदार से प्रगति के बारे में जानकारी हासिल की। कहा कि निर्माण की गति को तेज किया जाए। पुल के निर्माण में देरी बरेली से कासगंज के बीच ब्राडगेज के काम में बाधक नहीं बननी चाहिए। जीएम के साथ मौजूद इंजीनियरों ने पुल की गुणवत्ता को भी परखा। करीब आधा घंटा तक वह मौके पर ही रहे। जीएम केके अटल के दौरे की वजह से यहां स्टेशन पर सुबह में सफाई व्यवस्था दुरुस्त कर ली गई थी। पूरा परिसर चमकता नजर आया। स्पेशल ट्रेन निकली तो स्टेशन पर ही होकर लेकिन रुकी नहीं। कमोवेश ऐसा माहौल वितरोई स्टेशन का रहा। जीएम के दौरे की वजह से महकमा में हड़कंप का माहौल रहा। जीएम स्पेशल के लौट जाने के बाद ही अफसरों ने राहत की सांस ली।

बदायूं नहीं रुके जीएम रेलवे

जब रेलवे के महाप्रबंधक के आने के बारे मेंआने का समय बदायूं स्टेशन के अधिकारियों को पता चला तो वह मुस्तैद होकर उनका इंतजार करने लगे,लेकिन जीएम बदायूं में बिना रुके सीधे कछला के लिए निकल गए। शाम 4.35 बजे जीएम रेलवे का वापसी आने का समय था। एक बार फिर रेलवे प्रशासन उनके स्वागत में मुस्तैद हो गया,लेकिन जीएम की गाड़ी बदायूं स्टेशन पर नहीं रुकी। बता दें कि शुक्रवार को जीएम के दौरे का प्रोग्राम होने की वजह से स्टेशन पर एक सप्ताह पहले से चाक-चौबंद व्यवस्थाएं कर लीं गईं थीं।